Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/18-20 Post AD No. 8

सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं

हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

वर्ष ३० अंक- २४ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो १६-३१ दिसम्बर २०२० पृष्ठ ०८ मूल्यः १० रु.मात्र (रंगीन सहित मूल्यः १५ रु.मात्र)



## भारत के पास बाजार एवं जनशक्ति के साथ मिशन मोड में काम करने की क्षमता भी: प्रधानमंत्री मोदी

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। फिक्की की ६३वीं वार्षिक आम बैठक और वार्षिक सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिनांक १२.१२.२०२० को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन भाषण दिया। प्रधानमंत्री ने न केवल घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी मजबूत ब्रांड भारत को स्थापित करने की भारतीय निजी क्षेत्र की क्षमता की सराहना की। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के प्रति प्रत्येक नागरिक की प्रतिबद्धता निजी क्षेत्र में देश की आस्था का एक उदाहरण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक आश्वस्त व्यक्ति जीवन के साथ-साथ प्रशासन में दूसरों को स्थान देने में कभी नहीं हिचकिचाता है। बड़े जनादेश द्वारा समर्थित एक मजबूत सरकार उस किस्म के विश्वास और समर्पण का परिचय देती है। एक निर्णायक सरकार हमेशा दूसरों की बाधाओं को दूर करने और समाज एवं राष्ट्र के लिए योगदान करने का प्रयास करती है।

ऐसी सरकार नियंत्रण और पहल को केवल अपने तक ही सीमित नहीं रखना चाहती है। उन्होंने सरकार के सभी क्षेत्रों में मौजूद होने के दौर को याद किया

## सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध-पीयूष गोयल




पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। किसान यूनियन नेताओं से बातचीत जारी रखने और एक सौहार्दपूर्ण समाधान खोजने की अपील करते हुए, केंद्रीय कृषि और कृषक कल्याण, ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री, नरेंद्र सिंह तोमर और केंद्रीय उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण, रेलवे और वाणिज्य मंत्री, पीयूष गोयल ने कृषि अधिनियमों के बारे में किसान यूनियन नेताओं की चिंताओं को दूर करने के लिए किसानों को दिए गए विभिन्न सुझावों को रेखांकित किया। वे दिनांक १०.१२.२०२० को नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

केंद्रीय मंत्रियों ने कहा कि, केंद्र सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य और खरीद पर आश्वासन देने को तैयार है। सरकार मौजूदा एपीएमसी मंडियों के अंदर और बाहर लेनदेन में एक स्तरीय व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए तैयार है, सरकार ने कहा है कि, किसी भी विवाद की स्थिति में किसान एसडीएम अदालतों के अलावा सिविल कोर्ट का दरवाजा भी खटखटा सकते हैं। सरकार डंठल (पराली) जलाने और प्रस्तावित बिजली संशोधन विधेयक में जुर्माने से संबंधित चिंताओं को दूर करने के लिए तैयार है। यह भी आश्वासन दिया है कि नए कृषि अधिनियमों के तहत किसानों की भूमि की रक्षा की जाएगी। केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और पीयूष गोयल ने उन विभिन्न कदमों के बारे में बात की, जो मोदी सरकार ने अपने कार्यकाल की शुरुआत से ही किसानों की बेहतरी और कृषि क्षेत्र को मजबूत करने की दिशा में उठाए हैं।

## इलाहाबाद विश्वविद्यालय की नई वेबसाइट होगी तैयार

रे.स.ब्यूरो./सूत्र. प्रयागराज। कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में शनिवार दिनांक १२.१२.२०२० को बैठक आयोजित की गई, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि अब इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) अपनी नई वेबसाइट शुरू करेगा और इसके साथ ही वित्त अधिकारी एवं रजिस्ट्रार ऑफिस को पूरी तरह से डिजिटलीकरण भी किया जाएगा। इन बदलावों के लिए काम शुरू हो गया है। पीआरओ इविवि डॉ. जय कपूर ने बताया कि इन दिशाओं में काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। जिसमें आईसीटी सेल और डिजिटल एजेंसी के बीच पहले दौर की बातचीत हुई। इस डिजिटलीकरण के बाद यह आसानी से पता लगाया जा सकेगा कि कौन सी फाइल कहां पहुंचे और कितने समय बाद आगे बढ़ाई गई।

## पीजीआई,केजीएमयू में शुरू हो सामान्य ओपीडी- योगी



रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। पीजीआई और केजीएमयू को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सामान्य ओपीडी शुरू करने के निर्देश दिये हैं। ताकि कोरोना का अलावा दूसरी बीमारियों से पीड़ित मरीजों को भी इलाज मिल सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार दिनांक १४.१२.२०२० को पीजीआई के ३७ वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर में यह बात कही। उन्होंने कहा डॉक्टर कोरोना का खौफ छोड़कर सामान्य दिनों की तरह ओपीडी में मरीजों को देखें और उपचार करें। मुख्यमंत्री ने पीजीआई में सराहनीय काम करने वाले ११ डॉक्टर, रेजिडेंट और स्वास्थ्य कर्मियों को संमानित किया। सीएम ने पीजीआई को एम्स के समान काम करने की सलाह दी। इस दौरान चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, राज्य मंत्री संदीप सिंह के अलावा डॉक्टर और कर्मी मौजूद रहे।

## उत्तर प्रदेश में तीन वर्षों में २० हजार करोड़ का हुआ निवेश



रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री डॉ.दिनेश शर्मा ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्यूफैक्चरिंग नीति-२०२० के तहत अगले पांच वर्षों में प्रदेश में ४० हजार करोड़ के निवेश का लक्ष्य है, जिससे करीब चार लाख व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। उन्होने आगे कहा कि प्रदेश में उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्यूफैक्चरिंग नीति-२०१७ के सफल क्रियान्वयन से सूबे में बीते तीन वर्षों में २० हजार करोड़ रुपये का निवेश के साथ ही करीब तीन लाख लोगों को रोजगार मिला है। उक्त बातें उन्होंने शनिवार दिनांक १२.१२.२०२० को मीडिया को संबोधित करते हुए कही।

## २० दिसंबर को आयेगा जेई भर्ती परीक्षा का परिणाम

रे.स.ब्यू./सूत्र। जूनियर इंजीनियर परीक्षा-२०१८ का अंतिम चयन परिणाम कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) २० दिसंबर को जारी करेगा। परीक्षाओं के परिणाम घोषित करने की प्रस्तावित तिथियां एसएससी की ओर से जारी की गई हैं। जिन परीक्षाओं के परिणाम घोषित करने की प्रस्तावित तिथि जारी की गई है, उनमें कंबाइंड हायर सेकेंडरी लेवल परीक्षा-२०१६ (टियर-१) का रिजल्ट १५ जनवरी-२१ और जूनियर हिंदी ट्रांसलेटर, जूनियर ट्रांसलेटर एंड सीनियर हिंदी ट्रांसलेटर परीक्षा २०२० के पहले पेपर का रिजल्ट २० जनवरी-२१ को जारी किया जाएगा।

## किसानों को गुमराह करने का काम कर रहे हैं अन्य सियासी दल-केशव मौर्य



रे.स.ब्यूरो./संवा। प्रयागराज में आयोजित एक कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए पहुंचे डिप्टी सीएम ने कहा कि कृषि सुधार कानून को लेकर लगातार किसानों को गुमराह किया जा रहा है। दिनांक ०३.१२.२०२० को उन्होंने कहा कि किसानों के लिए केंद्र व राज्य सरकार ने खजाने का मुंह खोल दिया है और किसानों को यह बात भी पता है कि केंद्र की मोदी सरकार ही उनके बैंक खाते में साल में छह हजार पहुंचा रही है। डिप्टी सीएम ने कहा कि कांग्रेस एवं अन्य सियासी दल किसानों को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। केशव मौर्य ने कांग्रेस को जन्मजात किसान विरोधी पार्टी भी बताया। उन्होने कहा कि मैं खुद किसान का बेटा हूं और जानता हूं कि कृषि सुधार कानून पूरी तरह से किसानों के हित में है।

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने किया नवंबर में २१ प्रतिशत अधिक माल लदान

रे.स.ब्यू./सूत्र. बिलासपुर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे सर्वाधिक लदान करने वाले जोन में से एक होने के खिताब एवं परंपरा को बरकरार रखने की ओर अग्रसर है। कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के दौर में भी अपने इरादों की बदौलत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने नवंबर, २०२० महीने में १६.५४ मिलीयन टन लोडिंग की है, जो कि पिछले वर्ष के नवंबर महीने के १३.७ मिलीयन टन की तुलना में लगभग २१ प्रतिशत अधिक है। साथ ही दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने वर्तमान वित्तीय वर्ष के अप्रैल से नवंबर महीने तक लगभग ११२ मिलीयन टन से भी अधिक का माल लदान कर लिया है, जो कि पिछले वर्ष के इसी अवधि की १०६ मिलीयन टन की तुलना में ४ प्रतिशत अधिक है। इस अवधि में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा लोड किए गए वस्तुओं में कोयला, क्लिंकर, लौह अयस्क, सीमेंट, स्टील, खनिज तेल एवं स्टील कारखानो के लिए कच्चे माल आदि प्रमुख रूप से सम्मिलित है। इनमें कोयला, क्लिंकर, खाद्यान, रासायनिक खाद एवं लौह अयस्क क सर्वाधिक लदान की गई है।

## माघ मेला में तैनात होने वाले पुलिसकर्मियों का होगा कोरोना टेस्ट

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। माघ मेला पुलिस भी कोविड-१६ संक्रमण को देखते हुए पूरी सतर्कता बरत रही है। मेला ड्यूटी पर आने वाले सभी पुलिसकर्मियों को कोरोना टेस्ट कराना होगा। इसके बाद ही उनको तैनाती दी जाएगी। यही नहीं सोशल डिस्टेंसिंग को देखते हुए माघ मेला में बन रहे थाने और बैरक में भी उचित दूरी पर बेड लगाए जा रहे हैं। आईजी केपी सिंह ने बताया कि माघ मेला का कार्य शुरू हो चुका है। कोविड-१६ की गाइडलाइन के अनुसार ही पुलिस लाइन और थानों का निर्माण किया जा रहा है। इस बार माघ मेला में लगभग ५००० पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगेगी, जिसमें तीन हजार के करीब फोर्स बाहर से आएगी। इसके साथ ही गंगापार और यमुनापार में भी सीसीटीवी कैमरे लगाकर सिटी कंट्रोल रूम से लिंक किया जाएगा।

## IIT कानपुर के छात्र को मिली कोरोना काल में डेढ़ करोड़ के पैकेज की नौकरी

रे.स.ब्यू./सूत्र)। आईआईटी के छात्रों पर कोरोना महामारी और आर्थिक संकट के बीच लाखों नहीं बल्कि एक करोड़ से ज्यादा की बारिश हो रही है। विदेशी मल्टीनेशनल कंपनी ने यहां के एक छात्र को १.४७ करोड़ रुपए के पैकेज का ऑफर दिया है। यह पैकेज इस साल का अधिकतम पैकेज बताया जा रहा है। वहीं देश की कंपनियों ने ८२ लाख रुपए का अधिकतम पैकेज ऑफर किया है। संस्थान में अब तक देश-विदेश की ६० मल्टीनेशनल कंपनियों ने ड्राइव में हिस्सा लिया है। पहले दिन करीब २०० छात्रों को जॉब ऑफर मिला है। वहीं दूसरे दिन १६६ और छात्रों को जॉब का ऑफर मिला है।

## गाइडलाइन का पालन न करने वाले दुकानदारों पर एफआईआर

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। कोविड संक्रमण की जारी गाइडलाइन का पालन नहीं करने वाले १४ दुकानदारों के खिलाफ एफआईआर लिखाई गई है। ये सभी खाद्य पदार्थो की बिक्री करने वाले दुकानदार थे। बतादें कि गाइडलाइन के अनुसार दुकान पर खाने की अनुमति नहीं है, खाद्य पदार्थो पैक कराके घर ले जाना होगा। इसका पालन सुनिश्चित कराने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की ओर से शुक्रवार दिनांक ०४.१२.२०२० को सिविल लाइंस, बहुगुणा मार्केट आदि स्थानों पर निरीक्षण किया गया था। इसी क्रम में इन्हीं बाजारों में शनिवार को पुलिस विभाग और औषधि प्रशासन की ओर से संयुक्त रूप से अभियान चलाया गया। अभियान में देखा गया कि ज्यादातर दुकानों पर गाइडलाइन का पालन नहीं कर रहे हैं।

## विश्व की सबसे बड़ी मूर्ति का दर्शन कराएगी आईआरसीटीसी

रे.स.ब्यू./सूत्र। आईआरसीटीसी (इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन) नए वर्ष के उपलक्ष्य मे भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की स्मृति में स्थापित विश्व की सबसे बड़ी मूर्ति के साथ देश के ४ ज्योतिर्लिंग एवं साबरमती आश्रम का दर्शन कराएगा। इसके लिए भारत दर्शन रेल यात्र का शुभारंभ १० जनवरी से शुरू होकर १८ जनवरी तक चलेगा। इस पैकेज के लिए प्रति यात्री ८५०५ किराया रखा गया है। आईआरसीटीसी के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि इसके अंतर्गत ओंकारेश्वर महाकालेश्वर सोमनाथ एवं नागेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन कराए जाएंगे। आईआर-सीटीसी इसके अतिरिक्त द्वारिका में द्वारिकाधीश मंदिर, अहमदाबाद में साबरमती आश्रम एवं केवड़िया में स्टैचू ऑफ यूनिटी सरदार वल्लभ भाई पटेल के भी दर्शन कराएगा।

## वरिष्ठ पीसीएस अधिकारियों का हुआ तबादला

रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। प्रदेश सरकार ने ८ वरिष्ठ पीसीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। ये सभी तबादले केंद्रीय निर्वाचन आयोग की अनुमति के बाद किए गए हैं। जिसमें अपर जिलाधिकारी वित एवं राजस्व फतेहपुर पप्पू को नगर पालिका वित्तीय संसाधन बोर्ड लखनऊ का सचिव बनाया गया है। वहीं मुरादाबाद के सिटी मजिस्ट्रेट लालता प्रसाद शाक्य को अपर जिलाधिकारी वित एवं राजस्व फतेहपुर के पद पर तबादला किया गया हैं। पिछले दिनों प्रयागराज के सिटी मजिस्ट्रेट रजनीश मिश्र का अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के परीक्षा नियंत्रक के पद पर तबादला निरस्त कर दिया गया है। सिटी मजिस्ट्रेट प्रयागराज के पद पर स्थानांतरणाधीन विनय कुमार सिंह को बुलंदशहर का सिटी मजिस्ट्रेट बनाया गया है। रमेश चंद्र को अपर जिलाधिकारी वित एवं राजस्व बस्ती के पद से हटाकर प्रयागराज का अपर आयुक्त बनाया गया है।

## अतुल गुप्ता बने प्रयागराज मंडल के अपर मण्डल रेल प्रबंधक /इंफ्रा



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। अतुल गुप्ता ने अपर मण्डल रेल प्रबंधक /इंफ्रा/ प्रयागराज मंडल का पदभार दिनांक ०४.१२.२०२० को ग्रहण कर लिया। यह पद इनामुल हक के उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में स्थानान्तरित होने से रिक्त हुआ था। अतुल गुप्ता भारतीय रेल इंजीनियरिंग सेवा (IRSE) १६६८ बैच के अधिकारी हैं, इन्होने आई.आई.टी, रुड़की से इंजीनियरिंज में परा स्नातक की डिग्री प्राप्त की है। गुप्ता ने पूर्व तटीय रेलवे से अपनी सेवा प्रारम्भ करते हुये भारतीय रेल के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों जिसमें मण्डल इंजीनियर, वरि. मण्डल इंजीनियर. उप मुख्य इंजीनियर/ पुल आदि पदों पर कार्य किया है। इन्होने उत्तर मध्य रेलवे में उप मुख्य इंजीनियर, मुख्य इंजी./निर्माण, मुख्य इंजी./स्टेशन डेवलप्मेंट जैसे महत्वपूर्ण पदों पर भी अपनी सेवा प्रदान की है।

गुप्ता ने प्रयागराज मण्डल में भी वरि. मण्डल इंजीनियर, उप मुख्य इंजीनियर /निर्माण के पद पर अपनी सेवा प्रदान की तथा वरि. मण्डल इंजीनियर/ समन्वय के पद पर कार्य करते हुये कुम्भ-१६ के अवसर पर उल्लेखनीय योगदान दिया है।

## नहीं रहे साहित्यकार मंगलेश डबराल

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। कवि वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता मंगलेश डबराल के निधन से उनकी भरपाई शायद ही हो पाए। वे जितने महान कवि थे, उतने ही अच्छे एक इंसान भी थे। हिंदी की आधुनिक कविता के शीर्ष रचनाकारों में से एक रहे मंगलेश का प्रयागराज से खासा जुड़ाव था।

# अब मां बाराही देवी धाम के नाम पर होगा दांदूपुर रेलवे स्टेशन

रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। प्रतापगढ़ जिले में रानीगंज तहसील मुख्यालय स्थित दांदूपुर रेलवे स्टेशन नाम अब मां बाराही देवी धाम होगा। योगी सरकार ने इलाहाबाद रेलवे स्टेशन का नाम प्रयागराज करने के बाद एक और रेलवे स्टेशन का नाम बदल दिया है। यह स्टेशन लखनऊ-वाराणसी रेल खंड पर प्रतापगढ़-बादशाहपुर के बीच स्थित है। वहीं केंद्र सरकार से इस संबंध में सहमति भी मिल गई है। नाम परिवर्तन को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी हरी झंडी दे दी है। मुख्यमंत्री के अनुमोदन के बाद अब जल्द ही नाम परिवर्तन के संबंध में अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। मुख्यमंत्री कार्यालय ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। इस स्टेशन पर एक्सप्रेस व पैसेंजर सहित कई ट्रेनों का ठहराव होता है, जिनमें दिल्ली से वाराणसी आने जाने वाली काशी विश्वनाथ, रायबरेली-जौनपुर एक्सप्रेस, लखनऊ-वाराणसी इंटरसिटी आदि ट्रेन है। करीब छह किलोमीटर दूर स्टेशन से परसरामपुर गांव में ऊंचे टीले पर मां बाराही देवी का मंदिर है। काफी संख्या में यहां दर्शन करने के लिए लोग आते हैं।

# महिलाओं को रेलवे सेवा में जुड़ने से महिला सुरक्षा को मिलेगा बल- डॉ. अनूप श्रीवास्तव



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। अपर महानिदेशक, रेलवे सुरक्षा बल डॉ. अनूप श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति में दिनांक ०७.१२.२०२० को उत्तर मध्य रेलवे के सुबेदारगंज प्रयागराज स्थित क्षेत्रीय रेलवे सुरक्षा बल प्रशिक्षण केंद्र के दुसरे बैच और महिला प्रशिक्षुओं के पहले बैच की दीक्षांत परेड का आयोजन हुआ। इस अवसर पर कुल २४८ महिला प्रशिक्षुओं ने अपने ६ माह के कठिन प्रशिक्षण को पूरा किया और दीक्षांत परेड में हिस्सा लेकर औपचारिक रूप से रेलवे सुरक्षा बल का अंग बनी। इस अवसर पर अपर महानिदेशक ने कहा की कि, महिला प्रशिक्षुओं के रेल सेवा मे जुड़ने से महिला सुरक्षा को बल मिलेगा और हमारी महिला यात्रियों को अधिक सुरक्षित यात्रा वातावरण मिल सकेगा। दीक्षांत कार्यक्रम में प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त उत्तर मध्य रेलवे रवींद्र वर्मा, मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज मोहित चंद्रा, प्रमुख विभागाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कार्डियक अटैक से वरिष्ठ आईएएस अधिकारी का निधन

रे.स.ब्यू./सूत्र। वाराणसी खंड शिक्षक निर्वाचन के पर्यवेक्षक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अजय कुमार सिंह का शनिवार दिनांक ०५.१२.२०२० को इलाज के दौरान निधन हो गया। वाराणसी के मकबूल आलम रोड स्थित शुभम अस्पताल में वेंटिलेटर पर उनका इलाज चल रहा था। वाराणसी के जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने बताया कि सुबह साढ़े ६ बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। वर्ष १९९८ बैच के सीनियर आईएएस अफसर अजय कुमार को शुक्रवार की सुबह सर्किट हाउस कार्डियक अरेस्ट हुआ था। इमरजेंसी में उन्हें सीपीआर देने के साथ ही लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर रखा गया।

# दो वर्षो में किया गया ७६२ रूट किलोमीटर का विद्युतीकरण

रे.स.ब्यू./सूत्र। हाजीपुर पूर्व मध्य रेल द्वारा परिचालन क्षमता में विकास हेतु रेलखंडों का पूर्ण विद्युतीकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए रेलखंडों का विद्युतीकरण तेजी से किया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि पूर्व मध्य रेल द्वारा कुल रेलमार्गो में से ८४ प्रतिशत रेलमार्ग विद्युतीकृत कर लिए गए हैं। पिछले दो वर्षो में ही ७६२ रूट किलोमीटर का विद्युतीकरण कार्य पूरा किया गया जिससे डीजल मद में व्यय होने वाले ८३३ करोड़ रुपए की बचत हुइ है। शीघ्र ही सभी रेलमार्गो को विद्युतीकृत कर लिया जाएगा। पूर्व मध्य रेल के ०५ में से पंडित दीन दयाल उपाध्याय, सोनपुर एवं दानापुर सहित कुल ०३ मंडल शत-प्रतिशत विद्युतीकृत किए जा चुके हैं। विद्युतीकरण से विद्युत इंजन से ट्रेनों के परिचालन से समय पालन में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुई है।

# महापरिनिर्वाण दिवस पर याद किए गये भारत रत्न डॉ. भीम राव अम्बेडकर



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। भीमराव रामजी अंबेडकर जिन्हें बाबासाहेब अंबेडकर के नाम से जाना जाता है, एक विपुल छात्र, प्रख्यात न्यायविद, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे, वह स्वतंत्र भारत के पहले कानून और न्याय मंत्री और भारत के संविधान के मुख्य वास्तुकार थे। इसी कड़ी में दिनांक ०७.१२.२०२० को उ.म.रे. मुख्यालय में 'भारत रत्न डॉ. भीम राव अम्बेनडकर का ६५वां महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर रंजन यादव अपर महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, ने बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर बाबा साहब को श्रद्धांजली अर्पित की। अखिल भारतीय अनुसूचित जाति-जन जाति के जोनल सचिव लालसा राम, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक नवीन कुमार सिन्हा, एवं उपस्थित सभी विभागाध्यक्ष, एवं कर्मचारियों ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। संचालन अवधेश कुमार मुख्य कार्मिक अधिकारी(आई.आर.) द्वारा किया गया।

# जयंती पर याद किए गए मुंशी काली प्रसाद

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। कायस्थ पाठशाला के संस्थापक मुंशी काली प्रसाद की जयंती गुरुवार दिनांक ०३.१२.२०२० को मनाई गई। कायस्थ पाठशाला अध्यक्ष पूर्व महापौर चौ.जितेंद्र नाथ सिंह ने संस्था के प्रधान कार्यालय में मुंशी काली प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण किया और पुरोहितों ने मंत्रोच्चारण के साथ हवन-पूजन किया।

इस मौके पर चौ.जितेंद्र नाथ सिंह ने कहा कि सात बच्चों से शुरू किया गया कायस्थ पाठशाला में आज २६ हजार छात्र-छात्राएं शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। अगले वर्ष पाठशाला की स्थापना के १५० वर्ष पूरे हो जाएंगे। पूरे वर्ष स्कूल-कॉलेज में उन्होंने कार्यक्रम आयोजित करने का प्रस्ताव दिया। इस मौके पर गिरीश चंद्र श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, रवि श्रीवास्तव, अनिल कुमार श्रीवास्तव नवीन सिन्हा, आदि मौजूद रहे।

# जोनल रेल स्तर की हिंदी प्रतियोगिता संपन्न

रे.स.ब्यू./सूत्र। बिलासपुर रेलवे बोर्ड राउंड के लिए जोनल रेल स्तर की हिंदी प्रतियोगिताएं यथा हिंदी आलेखन एवं टिप्पण ,हिंदी निबंध एवं हिंदी वाक् प्रतियोगिता का आयोजन मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं मुख्य सिगनल इंजीनियर एस.के. सोलंकी के निर्देशानुसार दिनांक ०८.१२.२०२० को ऑनलाइन संपन्न किया गया। इन सभी प्रतियोगिताओं में जोनल कार्यालय, बिलासपुर मंडल, रायपुर मंडल, वैगन रिपेयर शॉप, रायपुर, नागपुर मंडल एवं मोतीबाग कारखाना,नागपुर के पहले राउंड के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर विशेष उपस्थित संतोष कुमार, वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी ने कहा कि विषय प्रासंगिक एवं रुचिकर है जो आज की आवश्यकता एवं आगामी भविष्य की दिशा तय करेगी।

# दो माह के अंदर बीएसएनएल देगा ४-जी सुविधा



रे.स.ब्यू./सूत्र। दो माह के भीतर उपभोक्ताओं की सहूलियत के लिए बीएसएनएल ४-जी की सुविधा शुरू करेगा। बीएसएनएल के जनसंपर्क अधिकारी आशीष गुप्ता ने बताया कि इस सुविधा से मोबाइल के १० लाख से अधिक उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। दिल्ली में ४-जी को लेकर ट्रायल शुरू हो गया है। अभी तक कुछ स्थानों पर उपभोक्ताओं को २-जी और ३-जी की ही सुविधा मिल रही है। फरवरी के अंतिम सप्ताह तक ४-जी की सुविधा सब एरिया इलाहाबाद में शुरू हो जाएगी। ४-जी की सुविधा शुरू होने से इंटरनेट की हाई स्पीड के साथ कॉलड्रॉप की समस्या से भी उपभोक्ताओं को छुटकारा मिलेगा।

## सम्पादकीय

# वैक्सीन का इंतजार

देश में कोरोना के मामले एक करोड़ की ओर बढ़ रहे हैं और जान गंवाने वालों की संख्या एक लाख चालीस हजार तक पहुंचने वाली है। इसी बीच सर्वदलीय बैठक में प्रधानमंत्री ने जो विश्वास जताया, उसकी रोशनी में वैज्ञानिकों को पूरी लगन के साथ लक्ष्य तक पहुंचने का प्रयास करना चाहिए। बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कर दिया कि उन्हें पूरा विश्वास है, भारतीय वैज्ञानिक वैक्सीन बनाने में सफल हो जाएंगे।

करीब आठ टीके परीक्षण के अलग-अलग चरण में हैं। भारत के तीन टीके भी परीक्षण के अलग-अलग चरण में हैं। वहीं पुणे, अहमदाबाद और हैदराबाद में विशेष रूप से वैक्सीन का काम चल रहा है और प्रधानमंत्री निरंतर इनके संपर्क में हैं।

वहीं विशेषज्ञों का मानना है कि वैक्सीन का इंतजार लंबा नहीं होगा, बस अब कुछ ही हफ्तों की बात है। फिर भी भारत को किसी भी प्रकार की अनुचित जल्दी या जोखिम से बचते हुए ही अपनी वैक्सीन के साथ सामने आना चाहिए।

चूंकि भारत में बनी दवाइयां अपेक्षाकृत किफायती होती हैं, इसलिए यहां बनी वैक्सीन भी दुनिया को राहत पहुंचाएगी। इन सबके बीच यह चुनौती भी है की राजनीतिक पार्टियों ने मुफ्त टीके का वादा कर रखा है। इससे सरकार पर ज्यादा बोझ पडेगा।

ऐसे में भारत में जो टीका बने, वह सस्ता हो। टीकाकरण की नीति समय रहते स्पष्ट, तार्किक और न्यायपूर्ण बनानी चाहिए, ताकि किसी दल या व्यक्ति को शिकायत का मौका न मिले।

सर्वदलीय बैठक में यह संकेत भी मिला है कि वैक्सीन की लागत को केंद्र व राज्य सरकारों को मिलकर उठाने के लिए तैयार रहना चाहिए। भारत जैसे गरीबों के देश में यह सवाल वाजिब है।

# शिक्षक क्षेत्र की तीन सीटों पर भाजपा का कब्जा

रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। भाजपा ने शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद की छह में से तीन सीटें जीतकर इतिहास रच दिया है। शिक्षक क्षेत्र की सीट से भाजपा उम्मीदवार उच्च सदन में पहुंचेंगे जो पहला मौका है। भाजपा ने चार सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे जिसमें से तीन पर उसे जीत मिली है। एक सीट सपा के खाते में आई है जबकि एक सीट पर शर्मा गुट व एक पर निर्दलीय का कब्जा रहा। शिक्षक खंड लखनऊ में भाजपा के उमेश द्विवेदी, बरेली-मुरादाबाद खंड में भाजपा के डॉ. हरि सिंह ढिल्लो और मेरठ खंड में भाजपा के श्रीचंद्र शर्मा विजयी हुए। वहीं गोरखपुर -फैजाबाद खंड में शर्मा गुट के ध्रुव कुमार त्रिपाठी चुनाव जीते हैं। वाराणसी खंड में समाजवादी पार्टी के लाल बिहारी यादव चुनाव जीते हैं। आगरा खंड में निर्दलीय डॉ. आकाश अग्रवाल विजयी हुए हैं, जो वित्तविहीन शिक्षक महासंघ से भी जुड़े हैं।

# अनिवार्य हुआ हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट

शासन ने एक दिसंबर से हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट अनिवार्य कर दिया है, सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने के लिए ऑनलाइन बुकिंग के साथ ही संबंधित डीलर के यहां आवेदन किया जा सकता है। वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने के लिए समय सीमा तय कर दी है। समय के भीतर नंबर प्लेट नहीं लगवाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# ई-टिकटों की कालाबाजारी करने वालों के विरुद्ध चला अभियान



रे.स.ब्यू./सूत्र. बिलासपुर टिकट दलाली की रोकथाम के लिए महानिरीक्षक-सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रेलवे सुरक्षा बल दक्षिण पूर्व मध्य रेल बिलासपुर के दिशा-निर्देशानुसार, रेलवे सुरक्षा बल के तीनों मंडलों के द्वारा अवैध रूप से रेलवे के टिकटों/ई-टिकटों की कालाबाजारी करने वालों के विरुद्ध दिनांक ०१ दिसंबर २०२० से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान रेलवे सुरक्षा बल के द्वारा एक साथ दबिश दी गई। छापेमारी के दौरान आरोपियों के कब्जे से ०२ लाख ३० हजार मूल्य के ३०७ नग ई-रेल टिकटों की जब्ती की गई।

इस मामलें में १० व्यक्तियों को गिरफ्तार कर रेल अधिनियम के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। सभी आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया है।

# रेलवे ने बदला चौरीचौरा एक्सप्रेस का समय




रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। रेलवे ने चौरीचौरा एक्सप्रेस के समय में बदलाव कर दिया है। अब गोरखपुर से कानपुर अनवरगंज जाने वाली चौरीचौरा एक्सप्रेस सुबह ८.४०-८.४५ बजे की बजाय सुबह ८.१५-८.२० बजे प्रयागराज जंक्शन पहुंचेगी। वहीं वापसी में यह ट्रेन रात ६.००-६.१० बजे की जगह रात ८.५५-६.०५ बजे प्रयागराज जंक्शन आएगी।

# लॉकडाउन में घर से काम करने पर यात्रा भत्ता लिया तो होगी रिकवरी

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। लॉकडाउन के दौरान यात्र भत्ता को लेकर केंद्र सरकार के वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग ने एक दिसंबर को सर्कुलर जारी किया है।

विभाग की उपसचिव निर्मला देवी की ओर से जारी आदेश के मुताबिक लॉकडाउन में घर से काम करने वाले कर्मचारियों को घर से कार्यालय आने-जाने का भत्ता नहीं दिया जाएगा।

इस अवधि में कार्यालय आकर काम करने वालों को ही यात्रा भत्ता मिलेगा। ऐसे में अगर कर्मचारियों ने यात्रा भत्ता लिया है तो उनसे रिकवरी की जा सकती है। लॉकडाउन की अवधि (२३ मार्च से २० मई तक) में घर से काम करने वाले दिव्यांग और गर्भवती महिला कर्मचारी भी यात्रा भत्ता से वंचित रहेंगी।

वहीं ऐसे अधिकारी जो चार पहिया वाहन से कार्यालय आने के हकदार नहीं हैं लेकिन लॉकडाउन की अवधि में कारों से आवागमन करने वाले भी यात्रा भत्ता से वंचित होंगे।

# महाप्रबंधक ललित चंद्र त्रिवेदी ने किया विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण



रे.स.ब्यू./सूत्र.हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक ललित चंद्र त्रिवेदी ने दानापुर मंडल के पटना-मोकामा तथा सोनपुर मंडल के बरौनी-कटिहार रेलखंड (कटिहार छोड़कर) का दिनांक ०४.१२.२०२० को विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। इसी क्रम में महाप्रबंधक ने ट्रॉली द्वारा कटरिया और कुरसेला के बीच कोसी नदी पर निर्माणा -धीन ६१५ मीटर लंबे दूसरे रेलपुल के निर्माण कार्य का भी जायजा लिया। रेलपुल के निरीक्षण के उपरांत महाप्रबंधक ने कहा कि यह पुल बन जाने से कटिहार के लिए आवागमन काफी आसान हो जाएगा साथ ही पूर्वोत्तर राज्यों को आपूर्ति की जाने वाली खाद्यान्न एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों का रेलमार्गो से परिवहन को काफी बढ़ावा मिलेगा। निरीक्षण में महाप्रबंधक के साथ दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक सुनील कुमार एवं सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अनिल कुमार गुप्ता टीम के साथ उपस्थित थे। विदित हो कि कटरिया से कुरसेला के बीच लगभग ६१५ मीटर लंबे कोसी नदी पर स्थित दूसरा रेलपुल का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके चालू हो जाने से बरौनी से कटिहार रेलखंड पूर्णरुप से दोहरीकृत एवं विद्युतीकृत हो जाएगा जिससे इस रेलखंड की परिचालन क्षमता में वृद्धि होगी। साथ ही पूर्वोत्तर भारत का उत्तर भारत से रेलसंपर्क में सुधार होगा।

# इविवि के सभी हॉस्टलों में उपलब्ध कराये मूलभूत सुविधाएं -प्रो. संगीता श्रीवास्तव



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। इविवि की नवनियुक्त कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव ने इविवि के सभी कर्मचारियों और अफसरों को कहा है कि कोई फाइल तीन दिन से ज्यादा रोककर रखी गई तो संबंधित को इसका स्प"टीकरण देना होगा। इसके साथ ही इविवि के सभी ह,स्टलों में मूलभूत सुविधाएं तत्काल उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए हैं। अक्सर यह शिकायत रहती है कि छात्रों की प्रोन्नति, एरियर, अनुकंपा नियुक्ति आदि से संबंधित फाइलें कर्मचारियों और अफसरों की टेबल पर लंबे समय तक लंबित पड़ी रहती हैं। जिसके बाद नव नियुक्त कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव ने निर्देश दिए हैं कि किसी भी टेबल पर कोई फाइल तीन दिनों से अधिक न रोकी जाए।

## Tambaram - Nagercoil Jn - Tambaram Tri-Weekly Superfast Special Train

**PR Deptt./SR :With the composition of One- AC First Class Coach, One- AC 2 Tier, Two- AC 3 Tier Coaches, Eight- Sleeper Class Coaches, Three- General Second Class Coaches and Two- Luggage Cum Brake Vans, Train No. 06065 Tambaram - Nagercoil Jn Tri-Weekly Superfast Special train will leave Tambaram at 19.25 hrs on Sundays, Mondays and Wednesdays with effect from 16th December, 2020 and reach Nagercoil at 07.30 hrs, the next day.In return direction Train No. 06066 Nagercoil Jn – Tambaram Tri-Weekly Superfast Special train will leave Nagarcoil at 16.15 hrs on Mondays, Tuesdays and Thursdaya with effect from 17th December, 2020 and reach Tambaram at 04.15 hrs, the next day. Advance Reservations for the above fully reserved special trains are open.**

## बांदा स्टेशन को मिला जल वायु प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणन

रे.स.ब्यू./सूत्र.झांसी। झाँसी मंडल के बांदा माल गोदाम का उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण विभाग द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा माल गोदाम के परिचालन के दौरान प्रदूषण उत्सर्जन सम्बंधित सभी पहलुओं की जांच की गयी। बांदा माल गोदाम द्वारा वायु प्रदूषण निवारण व नियंत्रण अधिनियम २१/२२ तथा जल प्रदूषण नियंत्रण व निवारण अधिनियम २५/२६ के अंतर्गत आने वाले सभी मानकों का नियमित अनुपालन किया जा रहा है। नियंत्रण बोर्ड द्वारा बांदा माल गोदाम को दिसंबर-२०२५ तक यथावत संचालन हेतु सहमति प्रदान की गयी। झाँसी मंडल का बांदा माल गोदाम उत्तर मध्य रेलवे का तृतीय ऐसा माल गोदाम है जिसको प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा संचालन हेतु सहमति प्रदान की गयी है।

इससे पहले यह सहमति प्रथम झाँसी व् द्वितीय ललितपुर माल गोदाम को प्रदान की जा चुकी है।

## महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे ने किया मंडुवाडीह स्टेशन का निरीक्षण

रे.स.ब्यू./सूत्र। वाराणसी। पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक विनय कुमार त्रिपाठी ने मंडुवाडीह स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने कहा कि मंडल के अन्य स्टेशनों पर भी मंडुवाडीह स्टेशन जैसी व्यवस्था होनी चाहिए। यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी और साफ -सफाई देख जीएम संतुष्ट दिखे। बृहस्पतिवार दिनांकः १०.१२.२०२० की सुबह अपने दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी मंडल पहुंचे जीएम ने मंडुवाडीह स्टेशन का निरीक्षण किया था। जिसमें सामान्य यात्री वातानुकूलित लाउंज, उच्च श्रेणी महिला व पुरुष प्रतीक्षालयों व वीआईपी लाउंज की व्यवस्था जीएम ने परखा। वहीं, स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया को देख जीएम ने डीआरएम वीके पंजियार समेत अन्य अधिकारियों से कहा कि इतना बड़ा परिसर है, इसे और भव्य करने की योजना पर काम करें।

## एचएसडी और बिजली की खपत में उत्तर मध्य रेलवे ने की रु.११८ करोड़ की बचत



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे में ऊर्जा संरक्षण सप्ताह का आयोजन किया गया जिसमें उत्तर मध्य रेलवे के आगरा, झांसी और प्रयागराज मंडलों ने ऊर्जा संरक्षण का संदेश देने वाले बैनर, पोस्टर, स्टिकर लगाए गए और विभिन्न स्टेशनों पर ऊर्जा संरक्षण से जुड़ा जिंगल भी प्रसारित गया। ऊर्जा संरक्षण उपायों के संबंध में उत्तर मध्य रेलवे के विभिन्न कार्यालयों में अधिकारियों और पर्यवेक्षकों द्वारा गहन निरीक्षण के माध्यम से ७ से १४ दिसंबर तक ऊर्जा संरक्षण अभियान भी चलाया गया। इसके अलावा, १४ दिसंबर को ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर, ऊर्जा संरक्षण के लिए यात्रियों और रेलकर्मियों को जागरूक बनाने के लिए उत्तर मध्य रेलवे द्वारा प्रदर्शनी और वेबिनार आदि का भी आयोजन किया गया। बिजली बचाने के लिए, उत्तर मध्य रेलवे में पिछले ०२ वर्षों में १३२० नग ३ स्टार और उससे ऊपर के रेटिंग वाले एयरकंडीशनर और ६४० इनर्जी एफीशिएंट पंप लगाए गए हैं। ट्रेनों में हेड-ऑन जनरेशन सिस्टम का उपयोग कर उत्तर मध्य रेलवे ने ११८ करोड़ रुपए की डीजल एवं विद्युत ऊर्जा बचत की है।

## मंडल रेल प्रबंधक झाँसी ने लिया यात्री सुविधाओं का जायजा



रे.स.ब्यू./सूत्रझांसी। मंडल रेल प्रबंधक संदीप माथुर द्वारा धौलपुर-झाँसी खंड का निरीक्षण किया और यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कोविड-१६ के संक्रमण से बचने हेतु, ढिलाई न बरतने तथा और भी सावधानी की आवश्यकता से अवगत कराया। इस दौरान दिनाँक ११.१२.२० को मंडल रेल प्रबंधक ने स्टाफ से मुलाकात की। निरीक्षण के दौरान माथुर द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने रेल कर्मियों को काउंसल करते हुए स्टाफ को सामाजिक दूरी का पालन तथा मास्क अथवा फेस कवर लगाये रखने समय-समय पर हाथ धोने अथवा सैनीटाईज करने पर विशेष जोर दिया जिससे कोविड के संक्रमण से हर संभव बचा जा सके । निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबन्धरक के साथ वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक वरिष्ठ मंडल अभियंता (उत्तर) गुंजन श्रीवास्तव, आदि उपस्थित रहे।

## माघ मेला के सकुशल सम्पन्न होने को, वरिष्ठ अधिकारियों ने किया गंगा पूजन



साभारःसूचना विभाग प्रयागराज। पतित पावनी गंगा-यमुना-सरस्वती के त्रिवेणी संगम के पावन तट पर गुरुवार दिनांक १०.१२.२०२० को माघ मेला २०२०-२१ के सकुशल सम्पन्न होने की मंगल कामना हेतु मण्डलायुक्त आर० रमेश कुमार, एडीजी जोन प्रेम प्रकाश, आईजी कवीन्द्र प्रताप सिंह, डीआईजी/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी तथा धर्माचार्यो एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में जिलाधिकारी भानु चन्द्र गोस्वामी सपत्नीक वैदिक मंत्रोचार के साथ गंगा पूजन किया और मां गंगा से माघ मेला को सकुशल एवं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराने की कामना करते हुए आशीर्वाद मांगा। गंगा पूजन के पश्चात जिलाधिकारी मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि कोविड-१६ के प्रोटोकाल का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए माघ मेले को सकुशल एवं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि कोविड-१६ के प्रसार को रोकने के लिए व्यापक बंदोबस्त किये जाने की व्यवस्था की जा रही है। इस अवसर पर एडीएम सिटी-अशोक कुमार कनौजिया, पुलिस अधीक्षक नगर, प्रभारी मेलाधिकारी विवेक चतुर्वेदी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## नहीं चलेगा रेलवे की परीक्षाओं में डिजाइनर मास्क

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। रेलवे की भर्ती परीक्षाओं में अभ्यर्थियों को साधारण मास्क पहनकर जाना होगा। परीक्षा केंद्रों को कोरोना से मुक्त रखने के लिए आरआरबी इलाहाबाद के चेयरमैन आरए जमाली ने बताया कि पहले केन्द्रों को सेनिटाइज कराया जाएगा। परीक्षा केंद्रों पर एक से दूसरे अभ्यर्थी के बीच छह फीट की दूरी होगी। मानक के अनुरूप मास्क नहीं मिलने पर परीक्षा केंद्र से दूसरा मास्क दिया जाएगा। वहीं रेलवे भर्ती बोर्ड ने डिजाइनर या मानक के विपरीत मास्क पहनकर परीक्षा देने पर रोक लगाई है। बतादें कि आरआरबी दिसंबर के मध्य से मिनिस्ट्रियल और आइसोलेटेड पदों की परीक्षा कराएगा। इसके बाद २८ दिसंबर से एनटीपीसी की परीक्षा शुरू होगी। एनटीपीसी की परीक्षा मार्च २०२१ तक कई खंडों में कराई जाएगी। महामारी को ध्यान में रखते हुए आरआरबी ने परीक्षार्थियों के लिए गाइडलाइन तैयार की है।

## "फिट इंडिया" अभियान में उत्तर मध्य रेलवे की सक्रिय भूमिका




रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए "फिट इंडिया" अभियान में उत्तर मध्य रेलवे सक्रिय रूप से भाग ले रहा है। पूरे देश में फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए दिसंबर २०२० के दौरान इस अभियान के तहत फिटनेस के कई कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई गई है। इसी क्रम में १२ दिसंबर २०२० को स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा रेलगांव, सूबेदारगंज स्टेडियम में फिटनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अध्यक्ष, उत्तर मध्य रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन और प्रधान मुख्य इंजीनियर शरद मेहता ने इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को फिटनेस की आवश्यकता के बारे में बताया। इस आयोजन में अजय माथुर प्रधान वित्त सलाहकार और नवीन कुमार सिन्हा वरिष्ठ उप- महाप्रबंधक अन्य विभागों के विभागाध्यक्षसहित रेलकर्मियों एवं उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ के अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

## रिजनल कनेक्टिविटी स्कीम से जुड़ेगा वाराणसी एयरपोर्ट



रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्री नन्दगोपाल गुप्ता नन्दी ने गुरुवार दिनांकः १०.१२.२०२० को लखनऊ विधानसभा कार्यालय कक्ष में उड्डयन विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान लखनऊ से बरेली, वाराणसी, हिंडन और प्रयागराज के लिए हवाई उड़ान शुरू करने के कवायद का निर्णय लिया गया।

इसमें पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए वाराणसी एयरपोर्ट को रिजनल कनेक्टिविटी स्कीम से जोड़ने का निर्णय लिया गया। बैठक में विशेष सचिव एवं निदेशक नागरिक उड्डयन विभाग सुरेंद्र सिंह ने लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज, आगरा, हिंडन के साथ ही अन्य एयरपोर्ट की प्रगति जानकारी दी। कोविड काल में भी हवाई यात्रा करने वालों की बढ़ती संख्या को देखते हुए महत्वपूर्ण एयरपोर्टों से जल्द ही अन्य शहरों के लिए भी हवाई उड़ान शुरू करने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान विशेष सचिव नागरिक उड्डयन विभाग सुरेंद्र सिंह, प्रबंधक परिचालन सुनील कौरा, वित नियंत्रक वीके राय, उप सचिव डॉ.सत्य प्रकाश तिवारी, सचिव सुरेंद्र कुमार मौजूद रहे।


## निरस्त रहेंगी ३१ जनवरी तक महानंदा और नार्थ ईस्ट

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। कोहरे की वजह से रेलवे ने महानंदा और नार्थ ईस्ट ट्रेनों को निरस्त करने का निर्णय लिया है। ये ट्रेनें १६ दिसंबर से ३१ जनवरी-२०२१ तक निरस्त रहेंगी। कुछ ट्रेनें दो फरवरी तक निरस्त की गई हैं। वहीं गोरखपुर से कानपुर अनवरगंज जाने वाली चौरीचौरा एक्सप्रेस १६ दिसंबर से ३१ जनवरी तक प्रयागराज रामबाग से कानपुर अनवरगंज तक निरस्त रहेगी।

## एमएनएनआईटी में शिक्षक भर्ती के लिए ऑनलाइन इंटरव्यू फरवरी में

रे.स.ब्यूरो./सूत्र. प्रयागराज। एमएनएनआईटी में शिक्षक भर्ती प्रक्रिया तेज होने के साथ आवेदन पत्रों की स्क्रीनिंग हो गई है। भर्ती प्रक्रिया पूरी करने के लिए संस्थान ने ऑनलाइन इंटरव्यू कराने का निर्णय लिया है जो फरवरी में होगा। बतादें कि एमएनएनआईटी में असिस्टेंट प्रोफेसर के १०८ पदों के सापेक्ष १४७० अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया है। प्रथम चरण में जुलाई २०१९ में ६१ असिस्टेंट प्रोफेसरों की नियुक्ति हो चुकी है। दूसरे चरण में विभिन्न विभागों में असिस्टेंट प्रोफेसर के १०८ पदों की भर्ती होनी है। वहीं संस्थान के रजिस्ट्रार डॉ. सर्वेश तिवारी ने बताया कि मार्च में शिक्षकों की नियुक्ति हो जाएगी।

## १० हजार के पार पहुंचा कोरोना से मरने वालों का आंकड़ा




रे.स.ब्यू./सूत्र. नई दिल्ली। दिल्ली में कोरोना वायरस संक्रमण की वजह से अब तक १० हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। तीन लहर देख चुकी दिल्ली में इसी साल मार्च में संक्रमण का पहला मामला सामने आया था और अप्रैल में पहली मौत हुई थी। फिलहाल कंटेनमेंट जोन की संख्या भी दिनो दिन घटी है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार दिल्ली में बीते २४ घंटे में संक्रमण १६८४ नए केस मिले, जबकि ३३ लोगों की मौत हो गई। २५३६ कोरोना संक्रमित मरीजों को डिस्चार्ज कर दिया गया। विभाग ने बताया कि एक दिन में ७२,३३५ नमूनों की जांच हुई। वहीं मृत्युदर २.३२ फीसदी है। दिल्ली में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या अब तक ६०७४५४ हो चुकी है। इनमें से ५८०६५५ मरीज अब तक ठीक हो चुके हैं। वहीं १००१४ लोगों की अब तक संक्रमण के चलते मौत हो चुकी है। सक्रिय मरीजों की संख्या घटकर १६७८५ हो चुकी है। इनमें से ६६६४ मरीज अपने घरों में चिकित्सीय निगरानी में हैं। दिल्ली में अब कंटेनमेंट जोन की संख्या ६४०० से घटकर ६३८८ रह गई है। यह आंकड़ा १३ दिसंबर तक का है।

## यात्री सुविधा को देखते हुए १६ से दौड़ेगी लखनऊ-एलटीटी सुपरफास्ट

रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। लंबी वेटिंग को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने मुंबई की ट्रेनों में लखनऊ-एलटीटी सुपरफास्ट को १६ दिसंबर से ३१ जनवरी-२०२० तक चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन लखनऊ से चलेगी। इस ट्रेन में न्यूनतम ५०० किलोमीटर की दूरी के साथ तत्काल का चार्ज भी देना होगा। एलटीटी लखनऊ जंक्शन सुपरफास्ट पूजा स्पेशल ट्रेन संख्या ०२१०७ १६ दिसंबर से ३० जनवरी तक प्रत्येक सोमवार, बुधवार व शनिवार को लोकमान्य तिलक टर्मिनल से शाम ४.२५ बजे रवाना होगी और दूसरे दिन लखनऊ जंक्शन दोपहर ३.३० बजे पहुंचेगी। इसी प्रकार लखनऊ जंक्शन एलटीटी सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन संख्या ०२१०८ १७ दिसंबर से ३१ जनवरी तक प्रत्येक मंगलवार, बृहस्पतिवार व रविवार को लखनऊ जंक्शन से रात १०.४५ बजे रवाना होगी। ट्रेन अगले दिन रात को ६.५० बजे एलटीटी पहुंचेगी।

## श्रीराम जन्मभूमि को प्राप्त करने के लिए लाखों भक्तों ने सहे कष्टःचंपत राय



रे.स.ब्यू./सूत्र.मुंबई। जनता के आर्थिक सहयोग से अयोध्या में श्रीराम का भव्य मंदिर का निर्माण किया जाएगा। विश्व हिंदू परिषद के उपाध्यक्ष एवं श्रीरामजन्मभूमि तीर्थक्षेत्र न्यास के महासचिव चंपतराय ने शनिवार दिनांकः १२.१२.२०२० को यहां कहा कि मंदिर का निर्माण सरकारी पैसे से नहीं होगा। उन्होंने कहा हमने १० रुपये, १०० रुपये,१००० रुपये के कूपन व रसीदें छापी हैं। समाज स्वेच्छा से कुछ न कुछ सहयोग करेगा। समाज जैसा देगा उसी के अनुरूप कार्यकर्ता पारदर्शिता के लिए कूपन या रसीद देंगे। करोड़ों घरों में भगवान के मंदिर का चित्र पहुंचेगा। साढ़े चार लाख गांवों और ११ करोड़ लोगों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। मुंबई में पत्रकारों से बातचीत में चंपतराय ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि को प्राप्त करने के लिए लाखों भक्तों ने कष्ट सहे और यह संघर्ष ५०० साल तक चला। उन्होने कहा कि स्वाभाविक है जब जनसंपर्क होगा लाखों कार्यकर्ता गांव-गांव और मोहल्लों में जाएंगे। भगवान का काम है, मंदिर भगवान का घर है, भगवान के कार्य में धन बाधा नहीं बन सकता। समाज का समर्पण कार्यकर्ता स्वीकार करेंगे।

## स्वच्छता के प्रति नाट्य कलाकारों ने किया जागरूक

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। नगर निगम की ओर से स्वच्छ भारत मिशन व स्वच्छ सर्वेक्षण-२०२१ के तहत स्वच्छता प्रतियोगिता आयोजित की गई। नाट्य दलों ने इस अवसर पर प्रयागराज शहर के विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति की। जिसमें रंगकर्मी वरुण और जतिन टीम ने प्रतिभाग किया। टीम ने नगर निगम चौराहा, प्रयागराज जंक्शन, और अलोपशंकरी देवी मंदिर में कलाकारों ने अभिनय के जरिए लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर संजय मंगई, नाजिम अंसारी, जितेंद्र गांधी, राजेन्द्र तिवारी मौजूद रहे। कलाकारों में रितिक, वैभव सौरभ, रॉबिन, राशमी, हर्ष, हर्षित, प्रदीप, शशांक, निखिल, आकाश, सिद्धार्थ, अभय, सचिन शामिल रहे।

## सभी रेलवे में उत्कृष्ट पश्चिम मध्य रेलवे का इंजीनिरिंग विभाग




रे.स.ब्यूरो./सूत्र. जबलपुर। पश्चिम मध्य रेलवे में इंजीनियरिंग विभाग द्वारा वर्ष २०१६-२०२० में महाप्रबंधक एस.के.सिंह, प्रमुख मुख्य अभियंता, अनिल कुमार पाण्डे के मार्गदर्शना एवं राजेश अरोरा एवं ओ.पी.तंवर के निर्देश में भारती रेल के सभी जोनों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रेलवे बोर्ड स्तर पर इंजीनियरिंग शील्ड प्राप्त की गई है। पिछली बार शील्ड वर्ष २०१४-१५ में मिली थी।

## नहीं रहे गोरखपुर विवि के पूर्व कुलपति

रे.स.ब्यूरो./सूत्र. बीएचयू रसायन विज्ञान विभाग के पूर्व आचार्य और गोरखपुर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर बेनी माधव शुक्ला (६८) का रविवार दिनांक १३.१२.२०२० को निधन हो गया। प्रो. शुक्ला सेवानिवृत्त होने के बाद करौंदी के नंद नगर में स्थित अपने आवास पर पत्नी प्रो. अन्नपूर्णा शुक्ला के साथ रहते थे। बतादें कि लोकसभा चुनाव में बीएचयू महिला महाविद्यालय की प्राचार्य रह चुकीं उनकी पत्नी प्रो. अन्नपूर्णा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावक थीं।

## अगले माह से चलेगी गंगा में सी.एन.जी.बोट

रे.स.ब्यू./सूत्र। वाराणसी । काशी में अगले माह से सीएनजी से नाव-बजड़े चलने लगेंगे। इसके लिए खिड़किया घाट पर सीएनजी स्टेशन बनाया जाने लगा है जो एक माह में बन कर तैयार हो जाएगा।

धर्म-अध्यात्म एवं पर्यटन की नगरी काशी में गंगा में करीब एक हजार लाइसेंसी नावें चलती हैं। अधिकतर नावें डीजल इंजन पर आधारित हैं। इससे गंगा में प्रदूषण होता है। साथ ही नाविकों को आर्थिक नुकसान भी झेलना पड़ता है। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार की ओर से नाविकों को गंगा तट पर ही सीएनजी मुहैया कराने के लिए डाटर स्टेशन स्थापित किया जा रहा है जो जनवरी में ही शुरू हो जाएगा। गेल इंडिया के उप महाप्रबंधक गौरी शंकर मिश्र बताते हैं कि इस स्टेशन पर ४५ हजार लीटर कैसकेड यानी स्टोर करने की क्षमता होगा। यहां पर रिंग रोड पर स्थापित मदर स्टेशन से एलसीवी (लाइट कमर्शियल व्हीकल) के माध्यम से गैस मंगाई जाएगी। इसके बाद यहां पर गैस स्टोर की जाएगी।

## कोहरे के कारण नहीं चलेंगी कानपुर से यह ट्रेनें



रे.स.ब्यूरो./सूत्र. कानपुर सेंट्रल से होकर चलने वाली एक दर्जन ट्रेनों को कोहरे की वजह से रेलवे ने १६ दिसंबर से ३१ जनवरी तक निरस्त कर दिया है। इसमें लखनऊ-आगरा इंटरसिटी एक्सप्रेस (०२१७६/ ०२१८०), कामाख्या-आनंद विहार नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस (०२५४६/ ०२५५०), अलीपुरद्वार-दिल्ली सिक्किम महानंदा एक्सप्रेस (०५४८३/०५४८४) १६ दिसंबर से ३१ जनवरी, मालदा टाउन-दिल्ली फरक्का एक्सप्रेस (०३४८३/ ०३४८४ और ०३४१३/०३४१४) १७ दिसंबर से ३१ जनवरी, सियालदह -अजमेर एक्सप्रेस (०२६८७/ ०२६८८) १७ से ३१ जनवरी तक है।

## पैसेंजर ट्रेनें हो सकती हैं जल्द शुरू

रे.स.ब्यूरो./सूत्र. जल्द ही पैसेंजर ट्रेनें चलाई जा सकती हैं जो रेल यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। इसके साथ ही स्पेशल ट्रेनों में जो पहले से चल रही है उसमें जनरल बोगी भी लगाई जाएंगी। रेलवे बोर्ड के निर्देश पर रेल प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी गई है। सभी स्टेशन प्रबंधक, स्टेशन अधीक्षक को पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल ने १० दिसंबर को यह निर्देश दिया गया है कि वे अपने यहां के सभी यूटीएस काउंटर और एटीवीएम को सिग्नल और विद्युत विभाग से संपर्क कर दुरुस्त करा लें ताकि बोर्ड के निर्देश पर इसे क्रिश से तत्काल जोड़ कर संचालित किया जा सके।

इसके बाद ही रेल प्रशासन की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। रेल सूत्रों के अनुसार जनवरी से पैसेंजर ट्रेनों का संचालन शुरू हो सकता है।

## गृहकर न देने वालों पर अब कसेगा शिकंजा

रे.स.ब्यूरो./सूत्र. प्रयागराज। गृह कर के बड़े बकाएदारों से नगर निगम अब वसूली अभियान चलाने जा रहा है जो कि जनवरी-२०२० से लेकर मार्च-२०२० तक चलाया जाएगा। वहीं सभी नगर निगमों में बड़े बकाएदारों की सूची तैयार की जाएगी। इसके आधार पर वसूली अभियान चलाया जाएगा। कम वसूली पर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। नगर विकास विभाग के एक अधिकारी के अनुसार नगर निगमों को कोरोना काल में वित्तीय स्थिति का भी असर पड़ा है। उनके पास जरूरतभर के पैसे नहीं हैं। उन्हें छोटे-छोटे कामों के लिए शासन से मांगना पड़ रहा है। बतादें कि इसी को देखते हुए शासन और निदेशालय स्तर पर हुई उच्चा- धिकारियों की बैठक में गृहकर वसूली के लिए तीन माह यानी वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक जनवरी से लेकर मार्च तक गृह कर की वसूली के लिए विशेष अभियान चलवाने पर सहमति बनी है। वहीं गृहकर न जमा करने वालों के खिलाफ इसके बाद नगर निगम अधिनियम में दी गई व्यवस्था के अनुसार कुर्की, खाता सीज या फिर अन्य विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## कोहरे ने लगाया वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। जिले में सर्दी बढने के साथ ही लगातार कोहरे की धुंध अधिक बढ़ती जा रही है। जिसका असर यातायात पर भी हो रहा है। हाईवे पर वाहनों को लाइट के सहारे धीमी रफ्तार में निकलना पड़ रहा है। वहीं ट्रेनें भी निर्धारित समय से विलंबित चल रही हैं। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार दिसंबर के तीसरे सप्ताह में छिटपुट बारिश की संभावना जताई है। कोहरा छाने से सर्दी बढ़ी है और बच्चों व बुजुर्गों का बुरा हाल रहा। हाईवे के अलावा अन्य मार्गों पर चालकों को लाइटें जलाकर धीमी रफ्तार के साथ एक दूसरे का सहारा लेकर लाइन के साथ चलना पड़ा।

## प्रयागराज मण्डल में मनाया गया ऊर्जा संरक्षण सप्ताह




रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। मंडल रेल प्रबंधक, प्रयागराज मोहित चंद्रा के अध्यक्षता में उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल द्वारा दिनांक ०७.१२.२०२० से १४.१२.२०२० तक ऊर्जा संरक्षण सप्ताह मनाया गया। इसके दौरान रेल यात्रियों तथा रेल कर्मचारियों व उनके परिजनों को ऊर्जा बचत के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान विद्युत सामान्य विभाग द्वारा चलाये गये विशेष अभियान के दौरान बैनर, पम्फलेट, स्टीकर तथा पोस्टरों के माध्यम से लोगों को ऊर्जा बचत के प्रति जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त रेलवे स्टेशनों पर उद्घोषणा के माध्यम से,ऑडियो क्लिप चलाकर एवं डिजिटल वॉल पर वीडियो चलाकर रेल यात्रियों को ऊर्जा बचत एवं उसकी महत्ता के बारे में जागरुक किया गया। वरि. मण्डल बिजली इंजीनियर/सामान्य, प्रयागराज मण्डल प्रवीण कुमार यादव के निर्देशन में ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के दौरान स्टेशन लाइटिंग, डी० जी० सेट, पंप परिचालन, कार्यालयों एवं पावर हाउस में ऊर्जा बचत के लिए कर्मचारियों को जागरुक किया गया।


## राजेन्द्र कुमार अग्रवाल ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य कार्मिक अधिकारी (औद्योगिक संबंध) का पदभार किया ग्रहण



रे.स.ब्यूरो./सूत्र. बिलासपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य कार्मिक अधिकारी (औद्योगिक संबंध) का पदभार दिनांक १४.१२.२०२० को राजेन्द्र कुमार अग्रवाल ने ग्रहण किया। इसके पूर्व अग्रवाल दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में उप महाप्रबंधक (सामान्य) एवं मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी, उप मुख्य कार्मिक अधिकारी, बिलासपुर रेल मंडल में वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी तथा दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची रेल मण्डल में वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी के पद पर कार्य कर चुके है। राजेन्द्र कुमार अग्रवाल भारतीय रेलवे कार्मिक सेवा के २००० बैच के अधिकारी है एवं मुख्य कार्मिक अधिकारी (औद्योगिक संबंध), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के पद पर पदस्थापना के पूर्व कोल माइन्स प्राविडेंट फंड में मुख्य सतर्कता अधिकारी के पद पर प्रतिनियुक्ति में भी कार्यरत थे।

# रेलवे ने शुरू की अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली परीक्षण परियोजना

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने अपने कर्मचारियों के लिए प्राथमिकता के तौर पर एक और बड़ी आईटी पहल शुरू की है। रेलवे बोर्ड के रेलवे स्वास्थ्य सेवा के महानिदेशक डॉ. बी. पी. नंदा ने ११ दिसम्बर, २०२० को वर्चुअल माध्यम से इस परियोजना की शुरुआत की। इस अवसर पर दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक, गजानन माल्या, भारतीय रेलटेल कॉरपोरेशन के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक पुनीत चावला और पीसीएमडी के डॉ. प्रसन्न्य कुमार तथा एससीआर के अधिकारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर अपने संबोधन में डॉ. बी.पी.नंदा ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी की सहायता से कर्मचारियों को सर्वोत्तम स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं प्रदान करने का सपना सच हो गया है। डॉ. नंदा ने भारतीय रेलवे में विशिष्ट चिकित्सा पहचान (यूएमआईडी) का शुभारंभ करने और आईटी की नई पहल एचएम- आईएस में अग्रणी योगदान के लिए दक्षिण मध्य रेलवे के प्रयासों की सराहना की। रेलटेल कॉरपोरेशन के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, पुनीत चावला ने कहा कि एचएम- आईएस के कार्यान्वयन से सभी हितधारकों को हेड क्वार्टर से संबद्ध अस्पतालों और सहायक केन्द्रों के एकीकरण का लाभ होगा।



इस परियोजना में २० से अधिक मॉड्यूल होने की संभावना है और इससे चिकित्सा बिरादरी और अस्पताल के लाभार्थियों को अत्यधिक लाभ होगा।

**लेखकों से**

राष्ट्रीय, सामाजिक, फिल्म व्यंग्य आदि विषयों पर अप्रकाशित लेख प्रकाशन हेतु आमंत्रित है। अपने हस्तलिखित लेख कागज की एक ओर साफ अक्षरों से भेजें।

## पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षों की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशि:

१.उच्चतम अधिकारी- १५०० रु. मात्र

२.उच्च अधिकारी- १००० रु. मात्र

३.अधीनस्थ अधिकारी-७०० रु. मात्र

४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-५००रु.मात्र

प्रबंध संपादक

रेल समाचार ब्यूरो

**समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा**

सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. ३२६/२५५, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं ५०२ पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-२११००३ से प्रकाशित। आर.एन. आई नं.५१०६७-९० पोस्ट ए.डी-८ मो.६७६३६५६०४४ ६६५१८०४७८८, ६६३५२२४८६७ फोन नं.-०५३२-२४१८०४०

Heartline
Heartline Cardiac Care Centre
14/18, Elgin Road, Near Civil Lines Bus Station
Behind BIG BAZAAR, BSNL Office
Allahabad
For Appointments : 8726209111
● ANGIOGRAPHY ● ANGIOPLASTY ● ECHO & COLOUR DOPPLER ● TMT ● HOLTER ● PERMANENT PACEMAKER
22 वर्षो से हृदय रोगियों की सेवा में समर्पित
इलाहाबाद का सर्वप्रथम एवं सर्वश्रेष्ठ हृदय रोग चिकित्सा केन्द्र
हार्टलाइन हृदय रोग अस्पताल
14/18, एल्गिन रोड, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद बस अड्डे के पास, बिग बाज़ार के पीछे - मो. 8726209111

| हृदय रोग के कारण | हृदय रोग के लक्षण | सुविधा उपलब्ध |
|---|---|---|
| धूम्रपान | सीने बाँह व कंधे मे दर्द | ई.सी.जी |
| रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) | बदन या पैरों में सूजन | ईको एवं कलर डॉपलर |
| मधुमेह (डॉयबिटिस) | खाँसी आना, हाँफना | एक्स-रे |
| मोटापा | साँस फूलना | होल्टर |
| मानसिक तनाव | कमजोरी, थकावट | टी.एम.टी. |
| गतीहीन जीवनशैली | पसीना, बेहोशी आना | स्ट्रेस ईको |
| हृदय रोग की परिवारिक समस्या | धड़कन बढ़ना | एन्जीयोग्राफी |
| खून में चर्बी की अधिक मात्रा | चक्कर आना | एन्जीयोप्लास्टी |
| अनियमित खान-पान | घबराहट होना | पेस्मेकर लगाना |


परामर्श का समय : सुबह 9 बजे से 3 बजे तक
अत्याधुनिक उपकरणों से परिपूर्ण गंभीर हृदय रोग कक्ष
24 घण्टे सेवा उपलब्ध

# कुम्भ मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर -राज्यपाल





साभार:सूचना विभाग प्रयागराज। राजभवन से गोविन्द वल्लभ पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान तथा उ०प्र० प्रयागराज मेला प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में स्थापित 'कुम्भ अध्ययन केन्द्र का उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने दिनांक १५.१२.२०२० को आनलाइन उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि कुम्भ जैसे महत्वपूर्ण आयोजन के लिए अभी तक देश में कोई शोध केन्द्र नहीं था। यह केन्द्र कुम्भ मेले से सम्बद्ध शोध, अभिलेखीकरण एवं ज्ञान-विमर्श पर आधारित होगा। उन्हों ने कहा कि यह केन्द्र प्रयागराज के कुम्भ क्षेत्र और इसके आस-पास के क्षेत्र में स्थित छोटे-छोटे तीर्थो के डाक्यूमेंटेशन का कार्य भी करेगा। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से कुम्भ मेले को यूनेस्को की सांस्कृतिक धरोहर की सूची में शामिल किया गया। उन्होंने कहा कि कुम्भ मेले को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) ने मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर के रूप में मान्यता दी है। इस अवसर संस्थान के निदेशक प्रो० बद्री नारायण एवं संस्थान के सदस्यगण आनलाइन जुड़े हुए थे।

# उत्तर मध्य रेलवे ने दर्ज किया माल लदान में ४०% से अधिक का सुधार



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। लोडिंग में अब तक की सर्वाधिक वृद्धि प्राप्त करते हुए उत्तर मध्य रेलवे ने दिसंबर २०२० में दिसम्बर-२०१९ के मुकाबले लोडिंग में ४४.६८% सुधार दर्ज किया है। दिनांक १४.१२.२०२० तक, चालू वित्त वर्ष में उत्तर मध्य रेलवे ने १०.८४ मिलियन टन माल लदान किया है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में लोड किए गए फ्रेट की तुलना में ३.१ लाख टन अधिक है। वर्तमान में उत्तर मध्य रेलवे प्रतिदिन लगभग ४५० मालगाड़ियों के इन्टरचेंज के साथ साथ तकरीबन २३० यात्री विशेष गाड़ियों का भी संचालन कर रहा है। अब तक, चालू वित्त वर्ष में मालगाड़ियों की औसत गति ४४.७६ किलोमीटर/घंटा रही है, जो वित्त वर्ष २०१९-२० की समान अवधि की औसत गति की तुलना में ८३.५% अधिक है। इसी प्रकार उत्तर मध्य रेलवे ने यात्री ट्रेनों के मोर्चे पर, चालू वित्त वर्ष में मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में ९२.३५% की समयपालनता प्राप्त की है जो पिछले वित्तीय वर्ष के प्रदर्शन के सापेक्ष में ५८.६% अधिक है ।

# उत्तर रेलवे को किसानों के प्रदर्शन के चलते हुआ भारी नुकसान-आशुतोष गंगाल



रे.स.ब्यू./सूत्र. नई दिल्ली। उत्तर रेलवे को किसान के विरोध प्रदर्शन के कारण करोडों रुपये के नुकसान का सामना करना पड़ा है। महाप्रबंधक उत्तर रेलवे आशुतोष गंगाल ने इसकी जानकारी दी है। रेलवे के अनुसार वहीं आंदोलन के चलते १००० से ज्यादा ट्रेनों को पूरी तरह से कैंसिल करना पड़ा है तो वहीं २०० ट्रेनों के रूट को बदलकर चलाना पड़ रहा है। बतादें कि २२ सितंबर से ही किसान पंजाब में ट्रेन नहीं चलने दे रहे हैं इसकी वजह से अब तक १३७० ट्रेनें पूरी तरह से रद्द करनी पड़ी हैं जिससे रेलवे को भारी नुकसान हो रहा है। किसान आंदोलन ने पहले पंजाब और अब दिल्ली के अलग-अलग सीमाओं पर लाखों रेल यात्री को बुरी तरह प्रभावित किया है।

# खोला गया २६७ दिन के बाद प्रयागराज संगम स्टेशन

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन कोविड-१९ की वजह से बंद चल रहा था जो २६७ दिन के बाद यात्रियों के लिए फिर खोल दिया गया। कोरोना काल में सोमवार दिनांक १४.१२.२०२० को इस स्टेशन से चंडीगढ़ के लिए ऊंचाहार एक्सप्रेस के रूप में पहली ट्रेन रवाना हुई। शुरू हुई इस ट्रेन में लंबे अंतराल के बाद पहले दिन ही यात्रियों को बेहतर रिस्पांस मिला।